श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 146 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 07 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648




## पौधे लगे नहीं, मिल गया पूर्णता प्रमाण पत्र...

# हर साल कागजों में लग रहे पौधे..!

### शहर को ग्रीन सिटी बनाने के दावे खोखले, सड़क पर लगे डिवाइडरों को पौधों का इंतजार

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शहर से गुराड़िया बायपास जाने वाली कृषि उपज मंडी राजमार्ग पर लंबे समय बाद सड़क बनी। डिवाइडर पर पौधे लगे नहीं और कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र दे दिया गया। वह भी काफी समय पहले, जबकि सड़क का काम भी चल ही रहा था। यह सिर्फ एक सड़क की बात नहीं है। शहर की सभी प्रमुख सड़को पर लगे डिवाईडरों को पौधों का इंतजार है।**

यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हर साल नगरपालिका कागजों में पौधे लगा रही है। नगर पालिका हर साल पौधे लगवाने के लिए टेंडर जारी करते हुए लाखों पौधे नगर के उद्यानों से लेकर डिवाइडरों के अलावा विभिन्न स्थानों पर लगवा रही है। इसके लिए बकायदा राशि का भुगतान भी हो रहा है। पौधे आ भी रहे है। लेकिन, यह पौधे लग कहां रहे है और पौधे लग रहे है तो फिर इनमें से आधे भी चल क्यों नहीं पा रहे है। यह भी बड़ा सवाल है। नगर पालिका द्वारा उद्यानों से लेकर अन्य जगह पौधरोपण कर हरियाली फैलाने के लिए पौधे खरीदकर लगाए जा रहे हैं। फिर डिवाइडर पर दिख ही नहीं रहे हैं। कुल मिलाकर ग्रीन सिटी के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। वैसे डिवायडरो पर ठेकेदारो द्वारा पौधे लगाए जाना थे, जो अभी तक नहीं लगाए गए है।

**लापरवाह बनी उद्यान शाखा...**

नगर पालिाक की उद्यान शाखा को शहर की प्रमुख सड़को के बीच बने हुए डिवाइडर पर पौधे लगाने से लेकर उन्हें रखरखाव ओर पानी देने तक का काम करना होता है। लेकिन, यह विभाग उद्यान ही नहीं संभाल पा रहा है तो डिवाइडर तक जाने की कभी सोचा भी नहीं। इसी कारण शहर की सड़को पर ही विरानी और नपा की लापरवाही दिखाई दे रही है। डिवाइडर पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना तो नपा के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही है। डिवाइडर पौधे लगाने के लिए भले ही बनाए गए, लेकिन ना तो इनमें पौधे लग रहे हैं और जहां लगे है उन्हें भी समय पर पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में उद्यानों से लेकर डिवाइडरों के हालात बदहाल होते जा रहे है।

**यहां विरान पड़े डिवाईडर...**

शहर के बीच होकर गुजर रहे महू-नीमच हाईवे पर कृषि उपज मंडी रोड, बायपास तक जाने वाले रेवास-देवड़ा रोड ऋषियानंद कुटिया, गुराडिया देदा बायपास मार्ग या फिर यशनगर व कलेक्ट्रेट भवन पहुंचने वाला मार्ग हो, हर जगह एक से आलम है। शहर के अंदर श्रीकोल्ड से लेकर संजीत नाका चौराहा हो या कलेक्ट्रेट मार्ग पर बने रोड़ पर डिवाइडर तो बना, लेकिन पौधे लगाने के लिए मिट्टी तक इसमें नहीं पहुंच पाई। गांधी चौराहा से लेकर उधमसिंह चौराहा रोड के अलावा स्टेशन रोड सहित जिन क्षेत्रों में सड़कों पर डिवाइडर बनाए गए है, उनमें पौधे ही नहीं लगाए गए। लेकिन कुछ जगहों पर हालात ऐसे है कि पौधे लगाने के नाम पर मिट्टी तक नहीं डाली गई है। पूरे शहर में दिख रहे ऐसे हालात ही नगर पालिका की उदासीनता को बयां कर रहे है। बारिश के दौर में पौधे लगाने का काम होता है। लेकिन, उस समय भी नपा कभी इस ओर ध्यान नहीं देती है।

**न संसाधन न अमला...**

डिवाइडरों पर लगे पौधों का रखरखाव पूरी तरह नगर पालिका को करना है। हालांकि, उत्कृष्ट सड़को और शहर से गुजरते राजमार्ग पर यह काम ठेकेदार को करना है। जो कहीं भी अभी तक नहीं किया गया है। इसमें पौधों की झाड़ियो की छंटनी से लेकर उन पौधों को पानी पिलाने तक की व्यवस्था करना होती है। ऐसे में नगर पालिका डिवाइडरों पर पहुंचकर पौधों को टैंकरों के माध्यम से पानी पिलाती है। लेकिन, एक बार पानी देने के बाद दूसरी बार नंबर भी लंबे समय बाद आता है। इसी अंतराल में पौधे सुख रहे है। उद्यान शाखा को टैंकर से लेकर पौधों की टहनियों की छंटनी करने के लिए स्काय लिफ्टर के साथ अन्य संसाधनों की जरुरत होती है। लेकिन, उद्यान शाखा के पास इतने संसाधन और अमला दोनों ही नहीं है। इसी कारण डिवाईडरों पर पौधों का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। गर्मी के दिनों में पानी के अभाव में सबसे अधिक पौधे दम तोड़ देते हैं।

---

मामला आरक्षक की हत्या की आशंका का...

# संदिग्ध राजस्थानी से पूछताछ जारी

**नीमच, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के समीपस्थ नीमच-भरभडिया मार्ग पर सप्ताह भर पहले सिटी थाने की जवासा चौकी पर पदस्थ आरक्षक राजाराम जाट का शव संदिग्ध हालत में मिला था। कुछ संदिग्धों की पहचान के बाद नीमच पुलिस राजस्थान के बालोतरा पहुंची थी। वहां पुलिस ने करीब 3 दिन डेरा डाले रखा। इसके साथ ही राजस्थान के कल्याणपुरा व डोली में दबिश दी। तीन दिन के बाद संदिग्ध व्यक्ति हाथ लगा। उसे पुलिस नीमच ले आई है व अब सवाल - जवाब कर रही है।

आरक्षक राजाराम जाट की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को शुरुआती कामयाबी मिली है। घटनाक्रम के तार राजस्थान के बालोतरा जिले से जुड़े है। ऐसे में पुलिस की एक टीम निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में बालोतरा जिले के कल्याणपुरा थाना क्षेत्र पहुंची। करीब 3 दिन तक नीमच पुलिस टीम वहां अस्थाई कैंप लगाकर रही। इस दौरान पुलिस ने बालोतरा के अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। एक दिन पहले ग्राम डोली में दबिश के समय श्रवण पिता सुजाराम गोदारा को हिरासत में लिया। पुलिस उसे अपने साथ नीमच ले आई और पूछताछ कर रही है।

**[ तस्करों से जुड़ रहे तार ]**

**तस्करी से जुड़ रहा मामला...**

पुलिस घटनाक्रम को डोडाचूरा व अफीम जैसे मादक पदार्थ की तस्करी से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि मादक पदार्थों के तस्करों ने संभवतया पकड़े जाने के डर से आरक्षक राजाराम की हत्या की है। इसे लेकर नीमच पुलिस ने राजस्थान के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में कई संदिग्धों से पूछताछ की। सूत्र बता रहे है कि पुलिस



ने सोमवार को इसी मामले में संदिग्ध श्रवण पिता सुजाराम गोदारा को डोली गांव से हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस गिरफ्त में आए श्रवण पिता सुजाराम को पुलिस ने खुफिया जगह रखा है। जिससे कड़ी पूछताछ जारी है। घटनास्थल से मिली संदिग्ध स्विफ्ट कार से श्रवण का सीधा कनेक्शन है। ऐसे में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

**इनका कहना...**

आरक्षक राजाराम जाट की संदिग्ध मौत को लेकर राजस्थान से कुछ संदिग्ध को हिरासत में लिया है। संदिग्धों से पूछताछ जारी है। मामले में जांच चल रही है। जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा।

**अंकित जायसवाल**
**पुलिस कप्तान नीमच**

---

## डेमू से गिरकर घायल हुई महिला, चेन पुलिंग करने से बची जान

**पिपलियामंडी, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जानकारी के अनुसार रात्रि पौने 9 बजे रतलाम भीलवाड़ा डेमू ट्रेन में सवार होने के दौरान मुंदड़ी निवासी 70 वर्षीय महिला संपतबाई पति रामलाल गिर गई ओर पटरी के बीच में आ गई, परिजनों ने तत्काल चेन पुलिंग कर दी, इससे ट्रेन रुक गई। परिजनों व लोगो ने बीच मे फसी महिला को बाहर निकाला। जिन्हें चोटें आई। इलाज के लिए अस्पताल भर्ती। दुर्घटना के कारण डेमू करीब 15 मिनिट लेट हुई।

---

## लापरवाह स्कार्पियो चालक को 2 साल का कठोर कारावास

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निकिता वार्ष्णेय द्वारा आरोपी सुभाषचन्द्र पिता मोटूराम यादव उम्र 40साल निवासी रामपुरा बेगा



जिला सीकर राजस्थान को लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु कारित करने के अपराध में दोषी पाते हुये 2 वर्ष के कठोर कारावास और 1 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि घटना 10 फरवरी 2017 को रात्रि करीब 08:30 बजे के लगभग की है। मृतक फारूख कुरैशी घर की ओर से महू नीमच हाईवे रोड पर पैदल-पैदल रोड पार कर रहा था, तभी जावरा तरफ से एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एचआर 14 एच 0239 का चालक सुभाषचन्द्र वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाकर लाया और फारूख कुरैशी को टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी और उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना की रिपोर्ट मृतक के परिजनों द्वारा थाना भावगढ़ पर की गई थी। जिस पर से थाना भावगढ़ द्वारा आरोपी वाहन चालक सुभाषचन्द्र पिता मोटूराम के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सोलंकी द्वारा किया गया।

---

## सरदर्द की जगह खाली कीटनाशक गोली, छात्रा की मौत

**नीमच, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के जमुनिया कला गांव में एक 13 वर्षीय छात्रा ने भूल से सिर दर्द की जगह कीटनाशक गोली का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे पहले नीमच बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गम्भीर हालत में रेफर किया गया। लेकिन, परिजनों ने उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय भर्ती करवा दिया। जहां उपचार के दौरान छात्रा ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार छात्रा अर्चना पिता दीनदयाल गायरी कक्षा 9 की छात्रा थी, जो पढ़ने में काफी होशियार थी। अर्चना के पिता दीनदयाल ने बताया कि सोमवार रात्रि में उसके सिर में दर्द हो रहा था। जिस पर घर में रखी हुई कोई गोली खाली। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। जब अर्चना ने पिता को तबियत ओर घटना के बारे में बताया तो वे तत्काल उसे लेकर पहले नीमच अस्पताल पहुंचे, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर किया गया। परिजनों ने छात्रा को इलाज के लिए नीमच के कनावटी स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान छात्रा ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है करीब तीन माह पूर्व ही छात्रा की मा का भी देहांत हो चुका था। वह अपने पिता और भाई के साथ रह रही थी। वहीं बुधवार को छात्र के शव का नीमच के बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

---

आरटीओ आफीस के हाल बेहाल...

## चालिस दिन में 15वीं बार बंद हुआ सर्वर

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला परिवहन विभाग अर्थात आरटीओं में सर्वर बंद होने के चलते लगातार परेशानियो का दौर जारी है। आलम यह है कि पिछले करीब 40 दिनो में 15वीं बार मंगलवार को भी सर्वर बंद रहा। जिसको लेकर दो दिनों से प्रदेश भर के सभी आरटीओ कार्यालयो पर लगातार लोग परेशान रहे। इसके चलते जहां एक तरफ लर्निंग लाइसेंस के आवेदक परेशान हैं तो दूसरी तरफ परमानेंट लाइसेंस के आवेदक भी अलग-अलग आरटीओ कार्यालयो में लगातार चक्कर काट रहे हैं। बता दें कि पिछले दो दिनों से आरटीओ सर्वर की परेशानी के चलते आवेदक को आरटीओ कार्यालयों से वापस लौटना पड़ा था। बता दें कि बीती 14 फरवरी को करीब 11 दिन बाद सर्वर ठीक हुआ।

उल्लेखनीय है कि पिछले करीब साल भर से लगातार इस तरह की परेशानी प्रदेशभर में चल रही है, जिसके चलते हर दो से तीन महीने में यह प्रॉब्लम लगातार सामने आती है। इस कारण आवेदकों को लगातार परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

**कई परेशानिया अभी भी है...**

लंबे समय से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की वेबसाइट भी सही तरीके से काम नहीं कर रही है। प्रदेश भर में हजारों आवेदक परेशान हैं। बताया जा रहा है कि यह वेबसाइट दिन में कई बार डाउन हो जाती है। वहीं रात 12 बजे के बाद काम करती है।

---

मामला सहकारी बाजार गेहूं कांड का...

## गौतम को एंजियोग्राफी के लिए 1 माह की पैरोल मिली


**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और अब बीजेपी नेता राजेंद्रसिंह गौतम



को हाई कोर्ट ने उनकी हृदय संबंधी समस्याओं और एंजियोग्राफी के लिए 1 महीने की पैरोल दी है। एक माह बाद श्री गौतम को पुन: जैल में जमा होना होगा। हाई कोर्ट ने राजेंद्र सिंह गौतम के वकील मनु माहेश्वरी ने बहस की। सरकारी वकील ने भी सत्यापित किया की आवेदक की हृदय समस्या के लिए उसे एंजियोग्राफी की सलाह दी गई है। इस आधार पर न्यायालय ने अपील अस्थाई रूप से स्वीकार करते हुए निर्देश दिया की अपीलकर्ता की जैल की सजा को उसकी रिहाई की तारीख से एक महीने की अवधि के लिए अस्थाई रूप से निलंबित की जाय। ट्रायल कोर्ट की संतुष्टिके लिए 50 हजार रुपए का निजी बांड और इतनी ही राशि का एक साल्वेंट जमानत प्रस्तुत करना होगा। अपीलकर्ता को तुरंत या एक माह की समाप्ति से पहले ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा।

---

## गलसुआ का खतरा बढ़ा, बच्चे भी आ रहे चपेट में



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मौसम बदलते ही गलसुआ के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पतालों में इससे पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण गलसुआ तेजी से अटैक कर रहा है। इस बीमारी को अंग्रेजी में मम्स कहते है। बच्चे, बुजुर्ग, युवा सभी इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। रोज ही मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे है। सभी को दवा देने के साथ आराम करने को कहा जा रहा है। गलसुआ का शिकार बच्चे ज्यादा हो रहे हैं। इस वजह से बच्चों के पेट में दर्द और उल्टी जैसी समस्या सामने आ रही है। बच्चों में वायरस पनपने का कारण गलसुआ का टीका न लगना बताया जा रहा है।

गलसुआ वायरस हवा में थूक के कण या छींक नाक और गले से संक्रामक एयरड्रोपलेट्स की वजह से एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। छींकने या करीबी बातचीत से हवा में मौजूद संक्रमित बूंदें सांस के जरिए अंदर जा सकती हैं और संक्रमण का कारण बन सकती हैं।

**यह है गलसुआ के लक्षण...**

गलसुआ रोग में पैरोटिड ग्रंथियों में सूजन होने के कारण हो जाती है और फिर ये तकलीफदायक हो जाता है। इस दौरान गाल में सबसे ज्यादा सूजन होती है। जिसे पैरोटाइटिस के नाम से जाना जाता है। ये चेहरे के एक या दोनों तरफ हो सकती है। गलसुआ के लक्षण दो से तीन सप्ताह में दिखाई देते हैं। इनमें सिरदर्द, थकान, भूख में कमी, तेज बुखार, लार ग्रंथियों में सूजन के कारण गालों या जबड़े का बढ़ना, चबाने या निगलने में परेशानी होना भी प्रमुख है।

इस बीमारी के दौरान खट्टा या अम्लीय भोजन या तरल पदार्थ खाने से दर्द बढ़ सकता है। सूजन धीरे-धीरे 7 दिनों में कम हो जाती है और अन्य लक्षण 3-5 दिनों में ठीक हो जाते हैं। जैसे ही आपको सूजन दिखे, तो अपने डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

**इनका कहना...**

इन दिनो गलसुआ वायरस के मरीज आ रहे हैं। इस वायरस के मरीज को किसी भी भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए और आराम करना चाहिए। ताकि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण न फैले। मास्क लगाएं, साफ-सफाई का ध्यान रखें और हाथों को साबुन से धोते रहें।

**डॉ केएल राठौर, शिशु रोग विशेषज्ञ, मंदसौर**

---

# प्रत्याशी चयन में फिर से विधानसभा जैसी गलती दोहराने जा रही है कांग्रेस

**मंदसौर/उज्जैन, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा ने प्रदेश के 29 में से 24 लोकसभा प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। जबकि, कांग्रेस क्षेत्रवार प्रत्याशियों के नाम की पैनल बना रही है या बनाकर हाईकमान को स्वीकृति के लिए भेजने जा रही है।

सांगठनिक कार्यों में भाजपा अपनी तैयारी के कारण कांग्रेस से हमेशा बहुत आगे रहती है। विधानसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के समय इतना पिछड़ गई थी कि नतीजे के मामलों, आंकड़ों अंतर में भी उसे लगभग सौ सीटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस संगठन की इसे अति विशेष सांगठनिक कार्य प्रणाली ही माने की प्रदेश अध्यक्ष की कमान सिर्फ विधानसभा चुनाव में हारे हुए जीतू पटवारी के हवाले कर दी गई है। जबकि, उनके गृह जिले की सभी 9 सीटों पर कांग्रेस चुनाव हारी है। चार महीने के अंतराल की ये बड़ी हार की घटना के बाद शीर्ष पर बैठे कांग्रेस के रचनाकारों ने प्रदेश का भविष्य सुधारने की जिम्मेदारी ऐसे बंदे के हवाले कर दी है जो खुद चार में से दो विधानसभा चुनाव हारा है। जबकि, कई कांग्रेसी विपरीत परिस्थितियों में भी विधायक बनते रहे हैं। ऐसी विशेष योग्यता रखने वाले



चन्द्रमोहन भगत

कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया है। अंदाज लगाइए अब ऐसा प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा प्रत्याशियों की पैनल बनाएगा तो कैसी बनेगी और कांग्रेस को कितनी सीटों पर विजय दिला पाएगी! संगठन के स्तर को तुलनात्मक भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों की प्रोफ़ाइल देखें तो हमेशा क्षेत्र में लोकप्रिय जनमत पर पकड़ रखने वाला और चुनाव जीतने और जीताने वालों को बनाया जाता रहा है।

कांग्रेस संगठन मे एकदम उलट होता है। हारने वालों को जिले भर में हरवाने वाले को अध्यक्ष बनाया गया है। जिस नेता के खाते में अगर 50 प्रतिशत हारने का अनुभव हो और वह भी सामान्य विपक्ष के कार्यकर्ता से तो उससे क्या उम्मीद की जा सकती है! वह प्रदेश में कांग्रेस की सीटें बढ़वा देगा? पर जीतू कांग्रेस हाई कमान की पसंद सिर्फ इसलिए है कि किसान आंदोलन के समय राहुल गांधी को मोटरसाइकिल पर घुमाया था। मुख्यालय में बैठे रचनाकारों को भी पटवारी में सिर्फ यही खास गुण नजर आया था। जबकि, अनेक ऐसे भी कांग्रेस के पास विधायक थे, जो चार बार ही विधानसभा लड़े पर इन्होंने भाजपा के मंत्रियों को हराया और जिले की अन्य सीटों पर भी कांग्रेस को काबिज किया। जीतू की तरह इनका जिला शून्य पर नहीं रहा।

जितने नामो के क्षेत्रवार पैनल उजागर होते जा रहे हैं, उसमें भी साफ नजर आ रहा है कि बस अपने अपनों को प्रत्याशी बनाना है। भाजपा को हराने का उद्देश्य कहीं कांग्रेस संगठन का नजर नहीं आ रहा है। प्रत्याशी जो भी बनेगा वह भले ही अपनी टीम के साथ अगर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की पसंद होगा तो मेहनत कर जीतने के प्रयास को अंजाम देगा। वरना जितने भी नाम सतह पर आए और आ रहे हैं, वे मात्र कांग्रेस का बिजूका बन चुनावी मैदान में उपस्थिति देने वाले हैं।

वर्तमान एनडीए सरकार की कमियां ज्यादा रही हो या उपलब्धियां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विपक्षी भले ही लोकप्रिय बताएं या धन्ना सेठों का पक्षकार, उनके मुकाबलेदार नेता विपक्षियों मैं एक भी नहीं है। हाल के हो चुके विधानसभा चुनाव के नतीजे भी यही उजागर कर चुके हैं कि वर्तमान में नरेंद्र मोदी की एनडीए आज भी जनमत में बाकी दलों से ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। जबकि, विपक्ष के गठबंधन वाले दल हर राज्य में अलग-अलग अपने स्तर पर मजबूत और कांग्रेस पर भारी नजर आ रहा है। इन सभी के लिए स्वाभाविक और मजबूरी थी, मिलकर लड़ना। ताकि एनडीए को आगे बढ़ने से रोक सके। रोक लेंगे या रोककर पीछे धकेल पाएंगे, ऐसा होना अभी काल्पनिक दृश्य है। अगर ऐसा बदलाव वाला राजनीतिक दृश्य बना भी तो चुनाव प्रचार के दौरान ही नजर आएगा!

## श्री भूतेश्वर महादेव में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनेगा

### सात क्विंटल खिचड़ी, 71 किलो मिष्ठान का भोग लगेगा, भांग की ठंडाई होगी वितरित



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्राचीन एवं चमत्कारिक श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्री भूतेश्वर महादेव भक्त मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व 8 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री भूतेश्वर महादेव भक्त मण्डल द्वारा 8 मार्च को प्रात: 8 बजे महादेव का अभिषेक होगा प्रात: 9 महाआरती आयोजित होगी। उसके पश्चात् 7 क्विंटल साबुदाना खिचड़ी व 71 किलो मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा। साथ ही भांग की ठंडाई भी वितरित की जाएगी। प्रसाद का वितरण भक्तों को दिन भर किया जाएगा। श्री भूतेश्वर महादेव भक्त मण्डल के पं. सुमित पाण्डे, धीरज राठौर, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, कमलेश दाल पकवान, शांतिलाल सोनी, कैलाश खिंची, रितिक सोनी, भगवादास, मंगलदास, गोवर्धनलाल पालीवाल, विशाल राठौर, अमीष राठौर, रामेश्वर पोरवाल, रामचन्द्र पोरवाल ने सभी शिव भक्तों से श्री भूतेश्वर महादेव के दर्शन करने एवं प्रसादी का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## अमलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनेगा



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अमलेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा इस हेतु ट्रस्ट द्वारा समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। महाशिवरात्रि के दिन मंदिर को विद्युत साज-सज्जा एवं पुष्पों से सजाया जायेगा। भगवान अमलेश्वर महादेव के दर्शन हेतु पुरुष एवं महिलाओं की अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गयी है।

ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल गुरु एवं सचिव सुरेश शर्मा द्वारा बताया गया की शिवरात्रि पर्व के दिन दोपहर 1 बजे महारूद्राभिषेक एवं सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसादी वितरण के पश्चात् रात्रि को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक गण नीरज नीमे, शरद पारिख, महेन्द्र सोकल, विक्रम विद्यार्थी, सत्यनारायण शर्मा आदि ने भक्तजनो से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पधारकर महशिवरात्रि पर्व पर भगवान अमलेश्वर महादेव के दर्शनों का लाभ लेवें।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर में महाशिवरात्रि पर 251 ली. दुध की ठंडाई व 151 किलो साबुदाने की खिचड़ी का होगा वितरण



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर मन्दसौर के द्वारा शिवमहोत्सव के पावन पर्व दिनांक 8 मार्च 2024 शुक्रवार को प्रात: 6.30 महादेव की पूजा अर्चना कर अभिषेक होगा उसके बाद पुन: दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच मे सामूहिक अभिषेक होगा। शाम को 5 से 7 बजे विशेष्ज्ञ श्रृंगार कर, रात्रि 7.30 बजे महाआरती व महाआरती के ठीक बाद आम भक्तलोगों के लिए 251 लीटर दूध की ठंडाई व 151 किलो साबुदाने की खिचड़ी उपस्थित धर्म प्रेमी सज्ञनों को वितरण की जाएगी। महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर ने सभी धर्मप्रेमियों से उक्त आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। यह जानकारी मंदिर के सदस्य श्री एस एल शर्मा ने दी।

# यूनेस्को ने भारत में 38 हेरिटेज साइट घोषित की है जो दुनियां में सबसे अधिक

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पीजी कॉलेज मंदसौर में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक विरासत प्रबंधन विषय पर 10 दिवसीय ऐड ऑन कोर्स के 9वें दिवस डॉ. शुभा बनर्जी एवं अंतिम दिवस प्रो. मोहित दहिया द्वारा अपने विचार रखे गए एवं साथ ही कार्यक्रम का समापन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कोर्स निर्देशक डॉ. उषा अग्रवाल ने कहा किविरासत के संरक्षण में संग्रहालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संग्रहालय हमारी राष्ट्र विरासत कोसहेजे हुए है।

समापन के अवसर पर प्रो. मोहित दहिया (सह. प्राध्यापक, अतिरिक्त प्रभार शिक्षा अधिकारी, बकिंघम विश्वविद्यालय लन्दन) ने बताया किभारत में 5 लाख से ज्यादा हेरिटेज साइट हैं, जिसमें 4 लाख से ज्यादा धार्मिक साइट हैं। हेरिटेज साइट को हमको जीवंत बनाए रखने के लिए वहां पर जाना होगा। जब तक हम जनचेतना नहीं जगाएंगे, अपनी विरासत को संरक्षित नहीं कर सकते है। हम सभी का यह दायित्व है कि सरकार की पॉलिसी से आमजन जीवन को अवगत कराये श्रआपने यह भी बताया कि हम सभी को अपनी आसपास की विरासत की छोटी-छोटी वीडियो बनाकर सोशल मीडियापर अपलोड करना चाहिए। जिससे हमारी विरासत की महत्वता को अधिक से अधिक लोग जान सके। कार्यक्रम के 9वें दिन डॉ. शुभा बनर्जी (शिक्षा अधिकारी, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय नई दिल्ली) ने बताया कि विश्व का पहला संग्रहालय (म्यूजियम) की शुरुआत यूनान में हुई श्र यूरोप से ही म्यूजियम बनने का प्रचलन शुरू हुआ। विश्व का पहला संग्रहालय ब्रिटिश म्यूजियम लन्दन था जो जन सामान्य के लिए खोला गया था। भारत में इसका प्रचलन 1784 ई. मेंशुरू हुआ। एशियाईटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल की स्थापना कलकत्ता में विलियम जोन्स ने की। भारत का पहला संग्रहालय इंडियन म्यूजियम कोलकाता बना। आपने कहा कि संग्रहालय कभी अपने लाभ के लिए काम नहीं करता है। वह अपने संग्रह के माध्यम से जन समुदाय को उनकी विरासत से परिचित करवाता है श्र संग्रहालय के लिए पब्लिकेशन, रिसर्च, एक्जिवेशन बहुत ही जरुरी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिव कुमार पांडे तथा आभार डॉ. श्वेता चौहान ने व्यक्त किया।



### गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट का महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बढ़ते कदम...

## महिलाओं को प्रदान किए जाएगे ई रिक्शा

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने द्वारा शहर में किए जा रहे सामाजिक कार्य अनुकरणीय है। महिला सशक्तिकरण हो या युवा खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का काम या प्राकृतिक आपदा में लोगों की मदद हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान, हर क्षेत्र में गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट काम कर रहा है। ट्रस्ट के सामाजिक कार्यो में योगदान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मंच से सार्वजनिक रूप से गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के कार्यो को सराहा था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। यहां बात करें ई रिक्शा प्रदान किए जाने का। गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने शहर में कुल 71 महिलाओं को ई रिक्शा प्रदान किए थे। जिससे अब यह महिलाएं रोजगार के लिए किसी की मोहताज नहीं रही। गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट अब अगले चरण में फिर से जरुरतमंद महिलाओं को ई रिक्शा प्रदान करेगा। इसमें विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांग महिला और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं शामिल होगी। इसके लिए महिलाए आवेदन वात्सल्य पब्लिक स्कूल कार्यालय से प्राप्त कर सकती है।

## नीमच में एक भारत साड़ी वाकथान का आयोजन आज

**नीमच, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर साडी वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कम से कम एक हजार महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जावेगी। साडी वॉकथॅान काआयोजन आज 7 मार्च 2024 को सांय 5.45 बजे सेकिया जावेगा। जिलेकेस्था नीयनिकायों, स्वजयंसेवी संस्थारओं(यथा लायंस क्लुब, साडी स्पीाक्सि आदि) से आवश्यकसहयोग से आवश्य कव्य वस्थाी कर यह कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वन भारत साडी वॉकथॉन 7 मार्च 2024 को सायं 5.45 बजे आयोजित की जावेगी। साडी वॉकथॉन जिला स्तरपर 1 किलोमीटर की होगी। इनमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्यव नागरिकों, लक्षित समूहों, महिला समूहों को आमंत्रित किया जावेगा। सभी जिलों में एक हजार महिलाओं की भागीदारी साडी वॉकथॉन में सुनिश्चित की जायेगी। वॉकथॉन के लिये तैयार फ्लेग को थाम कर प्रतिभागी महिलाओं का ग्रुप वॉक करेगा। वॉकथॉन का विशेष लोगो डिजाईन किया गया है, जिसका विजुअल पब्लिसिटी, फ्लैग, बैचेस में उपयोग किया जायेगा। महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता का सहयोग लिया जायेगा। शैक्षणिक संस्थागओं की छात्राओं एवं महिलाओं की भागीदारी के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जायेगा। जिले में सक्रिय महिला ग्रुप, साडी स्पीअक्सा, लायन्स क्लकब, रोटरी क्ल ब, सामाजिक संस्थाआएं, आफिसर वाईव्सर क्लुब की भी भागीदारी सुनिश्चित की जावेगी। प्रत्ये्क प्रतिभागी को अलग-अलग रंग की कैप उपलब्ध कराई जाये। नीला, पीला, गुलाबी, और हरा चार रंगों का इस्तेजमाल किया जाये, जो बराबर की संख्यो में दिये जायेंगे। कैप पर लोगो एवं 2024 छपा होगा।

कलेक्ट र श्री दिनेश जैन व्दारा साडी वॉकथॉन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व् सौंपे गये। कानून एवं यातायात व्य वस्था रूट निर्धारण एवं महिला समूहों को आमंत्रण का दायित्व एसडीएम डॉ.ममता खेडे एवं नीमच के तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को सौंपा गया है। वॉकथॉन आयोजन स्थमल एवं वॉकथॉन के दौरान आवश्याक व्यअवस्थाोओं का दायित्व संयुक्तस कलेक्टवर श्री राजेश शाह एवं सीएमओ नीमच को सौंपा गया है। सम्पूर्ण कार्यक्रम में यातायात व्यसवस्थ् का दायित्वक सुश्री सोनू बडगुर्जर यातायात थाना प्रभारी को सौंपा गया है। साथ ही अन्यम विभागों के अधिकारियों को भी विभिन्नि दायित्व् सौंपे गए है।




## लायंस क्लब को श्रीमती मंगला जैन के नेत्रदान प्राप्त हुए

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर ने मरणोपरांत श्रीमती मंगला जैन (पोरवाल) के नेत्रदान प्राप्त किये। लायंस क्लब को यह इस सत्र का 15वां नेत्रदान प्राप्त हुआ है।

श्री ओमप्रकाश पोरवाल की धर्मपत्नी तथा रितेश एव संजय की माताजी श्रीमती मंगला जैन (पोरवाल) का श्री श्रीजी शरण हो गया है। पोरवाल परिवार के महान मनोभाव से कुशल नेत्र चिकित्सक लॉयन अध्यक्ष डॉ मजहर हुसैन एवं डॉ. किशोर शर्मा द्वारा नेत्र उत्सर्जन कर नेत्रदान की प्रक्रिया लॉयन्स क्लब मन्दसौर द्वारा संपादित की गयी। लायंस क्लब ने नेत्रदानी पोरवाल परिवार द्वारा मानव कल्याण हेतु किये गए इस पुण्य कार्य के लिए अनुमोदना की। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी सहित क्लब सदस्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पांचवी आठवीं की परीक्षाएं हिंदी प्रश्न पत्र के साथ शुरू हुई

### पांचवी में तीन, आठवीं में सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 9वी एवं 11वीं की परीक्षाएं भी बुधवार से शुरू हुई, 23 मार्च तक चलेगी, 9 वी में 6,11वीं में 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



**कुचड़ोद, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद, राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं ली जा रही। यह परीक्षाएं बुधवार से शुरू हुई। पीएम श्री शा.उ.मा.वि. कुचड़ोद परीक्षा केंद्र पर, शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की परीक्षा हो रही। कक्षा पांचवी में 154 परीक्षार्थी में से 151 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। तीन अनुपस्थित रहे। वही कक्षा आठवीं में 132 परीक्षार्थियों में से, 125 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पांचवी आठवीं में पहला पेपर हिंदी का रहा। केंद्राध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया, कक्षा पांचवी, आठवीं की परीक्षा में 276 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहला प्रश्न पत्र हिंदी का था। कक्षा पांचवी की परीक्षाएं 12 मार्च एवं कक्षा आठवीं की 14 मार्च को समाप्त होगी।

**नौवीं ग्यारहवीं की परीक्षाएं भी बुधवार से शुरू, 23 मार्च तक चलेगी परीक्षाएं, 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे**–इधर कक्षा 9वी, 11वीं की परीक्षाएं भी बुधवार से शुरू हुई। नौवीं कक्षा में 119 परीक्षार्थियों में 113 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहला प्रश्न पत्र हिंदी का था। 11वीं मैं राजनीतिक विज्ञान प्रश्न पत्र के साथ परीक्षा की शुरुआत हुई। विषय वार परीक्षा में 40 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 11वीं में कुल 72 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यह परीक्षाएं 23 मार्च तक चलेगी। संकुल प्राचार्य जी. एस. सूर्यवंशी ने बताया कक्षा 9वी एवं 11वीं की परीक्षाएं बुधवार 6 मार्च से शुरू हुई। जो 23 मार्च तक चलेगी। पहले दिन नौवीं ग्यारहवीं के 153 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## महावीर पुस्तकालय ने 4 स्कूलों में नये कपड़े व स्वेटर वितरित किए



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महावीर पुस्तकालय एवं जीवनोपयोगी सामग्री नि:शुल्क वितरण समिति मंदसौर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के चार शासकीय विद्यालयों बर्डियाखेड़ी, लदूसा, छायड़ एवं गुर्जरबर्डिया में जरूरतमंद विद्यार्थियों को नये कपड़े एवं स्वेटर वितरण किये गये। उद्योगपति श्री मिलिन्द जिल्हेवार ने चार विद्यालयों के कार्यक्रम में कहा कि प्राणी मात्र की सेवा प्रभु की सेवा है।

लदूसा माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं को सुंस्कार प्रदान करते हुए संस्था सेवक अशोक नलवाया व संस्था सहससचिव श्रीमती समता खिंदावत ने बताया कि बालिकाओं को भगवान, माता, पिता एवं गुरूजनों का हमेशा सम्मान कर प्रणाम करना चाहिये। स्वसुरक्षा के लिये किसी से कोई गिफ्ट व लिफ्ट स्वीकार न करे। बालिकाओं ने हत्या, आत्महत्या, भ्रूण हत्या एवं परिजनों की अनुमति के बगैर कभी घर छोड़कर नहीं भागना चाहिये।

कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के शिक्षकगणों ने सक्रिय सहयोग दिया। संस्था ने नये कपड़े व गरम स्वेटर बच्चों को भेंट किये। गुरूजनों के सम्मान में उन्हें नये बेग व ठड से बचने हेतु मफलर दिये गये। सभी ग्रामीणजनों को पूरे परिवार के लिये 3-3 ड्रेसे फ्री महावीर पुस्तकालय कोठारी नगर संजीत नाका से ले जाने का निवेदन किया।

शिक्षा विभाग के बी.आर.सी. कार्यालय के अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल हुआ।

श्रीमती विजयाराज गोड़, अनिल पाटीदार, श्यामलाल प्रजापत, पप्पूलाल खिंची, प्रियंका धाकड़, देवप्रकाश भाना, हेमंत पाराशर, रेखाा मीणा, सुगनबाई प्रजापत, अनिता दुबे, निर्भयाराम मीणा, अनिता दुबे एवं अनुसूया पंवार ने महावीर पुस्तकालय का आभार मानकर सहयोग दिया।

## औषधि एवं सुगंध फसलों की उत्पादन तकनीक सिखाई

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएससी) के तहत 6 मार्च को उद्यानिकी महाविद्यालय में औषधीय एवं सगंध फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

मीडिया प्रभारी डॉ. अंकित पांडे ने बताया की कुलपति डॉ. अरविंद शुक्ला के निर्देशन मैं डीन उद्यानिकी महाविद्यालय डॉ. इंदर सिंह तोमर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता एवं परियोजना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर एस चुंडावत ने औषधीय एवं सगंध फसलों के महत्व एवं आर्थिक पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। परियोजना के वैज्ञानिक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने औषधीय फसलों के प्रमुख रोग एवं निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. के सी मीणा ने औषधि एवं सुगंध फसलों की उन्नत खेती की तकनीक के संबंध में विस्तार से चर्चा की साथ ही इन फसलों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में कृषकों को बताया। वैज्ञानिक डॉ. रोशन गलानी ने औषधीय फसलों में एकीकृत पोषक तत्वों के प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद फतेहपुरिया ने एकीकृत पौध रोग प्रबंधन के बारे में किसानों को मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषकों को औषधीय एवं सगंध फसलों की उचित कृषि कार्यशाला को दर्शाने वाली फिल्म भी दिखाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत अनुसूचित जाति के कृषकों को कृषि आदान के रूप में केंचुआ खाद एवं स्प्रेयर पंप वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंदसौर जिले के केलूखेड़ी, खंडेरीया काचर, सेजपुरिया एवं राजाखेड़ी गांव के किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री धर्मेंद्र पाटीदार, डॉ पवन देवेश का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन वैज्ञानिक डॉ. रोशन गलानी ने किया।

## ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट 2024 का आयोजन

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयब मंदसौर के रसायन विभाग द्वाराब इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्यूर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री (IUPAC) एवम एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स (ACT) के संयुक्त तत्वाधान में ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट 2024, दिनांक 27-02-2024 को श्री नरेश जी चंदवानी अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति एवम प्राचार्य डॉ- एल- एन- शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## जल निगम द्वारा गांधी सागर प्रदाय योजना क्रियान्वयन संबंधी कार्यशाला आज

**नीमच, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत संचालित गांधी सागर 02 समूह जल प्रदाय योजना हेतु मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई नीमच की सहयोगी संस्था कैंप के माध्यम से एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश टूरिस्ट मोटल कनावटी में आज 7 मार्च 2024 को प्रात: 11 बजे से आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन के समस्त विभागों के सहयोग व समन्वय से योजना को सफलतापूर्वक समयसीमा में पूर्ण करने के उद्देश्यं से आयोजित इस कार्यशाला में सभी जिला प्रमुखों से कार्यशाला में उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाने का जल निगम व्दायरा आगृह किया गया है।

## नपा की बजट बैठक आज

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नपा की बजट बैठक आज दिनांक 7 मार्च 202, गुरूवार को दोप. 1 बजे नपा सभागृह में रखी गई है। नपाध्यक्ष व नपा परिषद की पीठासीन अधिकारी श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुमानित आय-व्यय (बजट) को प्रस्तुत किया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय को भी प्रस्तुत किया जायेगा। नपा के सभी पार्षदगणों को बजट बैठक की सूचना भेजी गई है।

## नारी साधारण नहीं बल्कि शिव की शक्तियों का भंडार है-बीके उषा

### 88 वी त्रिमुर्ति शिव जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत ब्रह्माकुमारी में मनाया महाशिवरात्री महोत्सव



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 88 वी त्रिमुर्ति शिव जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविघालय के स्थानीय आत्म कल्याण भवन में महाशिवरात्री महोत्सव मंदसौर जिले की संचालिका बीके उषा के सानिध्य में मनाया गया। समारोह राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथी के बतौर मंदसौर के प्रमुख व्यवसाई गीताजंली इंटरप्राइजेस के संचालक मनीष मुजावदिया, प्रो, वीणा सिंह व डॉ श्वेता पाण्डेय उपस्थित थी। इस अवसर पर बीके श्यामा दीदी एवं बीके हेमलता दीदी भी मंचस्थ थी।

समारोह को संबोधित करते हुए मंदसौर जिले की संचालिका बीके उषा ने बताया कि संसार में दु:ख और अशांति का वातावरण बढता हीं जा रहा है जिसमें मनुष्य आत्माओं ने परमात्मा को पुकारा है और परमात्मा का अवतरण हुआ यह परमात्मा का वचन भी है जब धर्म की हानी होती है परमात्मा का अवतरण होता है। परमात्मा शिव ने नारी को आधार बनाया और आज नारी शक्ति शिव शक्ति के रूप में कार्य करती है। आपने कहा कि शिव की शक्ति साधारण नहीं है, नारी सबला है अबला नहीं, नारी ऐसी शक्ति है जिसकी पूजा देवियों के रूप में हो रहीं है, नारी लक्ष्मी, सरस्वती, काली, जगदम्बा है। नारी शक्ति ही पूरे संसार का उत्थान कर रहीं है लेकिन कई जगहों पर नारी को भोग का साधन बनाकर दीन-हीन बना दिया है परन्तु फिर भी नारी शक्ति आज उच्चाईयों पर जा रहीं है। नारी वह दिव्य शक्ति है जो दुर्गा कहलाती है उसके सामने पुरूष भी हाथ जोड़कर शक्ति मांगता है, धन मांगता है। नारी अबला नहीं बल्कि दिव्य शक्ति है। नारी साधारण नहीं बल्कि समाज की धूरी है, नारी ने ही शिक्षक बनकर शिक्षा दी है, पूरे घर को संभालती है।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि नारी का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है। कहते है माता भुवनेश्वरी से प्रेरणा प्राप्त करके ही परमात्मा सृष्टि कां संचालन परमात्मा करता है। पृथ्वी पर सबसे सुन्दर कृति मनुष्य है, 84 लाख योनियों में भ्रमण के बाद मनुष्य योनी मिलती है, मनुष्य यदि अपने स्वधर्म का पालन करते हुए यदि परमात्मा के बताऐ मार्ग पर चले तो मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। आपने कहा कि हमारा घर भी स्वर्ग है यदि हम घर केसदस्यों केप्रति सकारात्मक विचार रखते है तो उन तरंगों से घर स्वर्ग बन जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा के माध्यम से अपने परिवार को स्वर्ग बनाने का प्रयास करें।

गीताजंली इंटरप्राईजेस के संचालक मनीष मुजावदिया ने कहा कि नारी का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है, जीवन में उच्चाईयो पर जाने की प्रेरणा भी एक नारी ही देती है जिसे मैने स्वयं अपने जीवन में महसूस किया है मेरी माताजी की ही प्रेरणा से आज व्यापार में सफलता मिल रहीं है। प्रो वीणा सिंह ने कहा कि नारी शक्ति स्वरूपा होती है, बाबा लेखराज को शिव अंतरण के लिए परमात्मा ने चुना तो उन्होंने उस ज्ञान में आने के बाद अपन सर्वस्व दान करके बीजारोपण किया ओर उसमें नारी शक्ति को चुना उन्हें दादी और बहन की पदवी दी। घर की प्रमुखा दादी और अपना पन देने वाली बहने हमें सकारात्मकमता के मार्ग पर आगे बढा रहीं है। डॉ श्वेता पाण्डेय ने कहा कि नारी शक्ति है जिसमें ऊर्जा का अपार भण्डार होता है जिस प्रकार ब्रह्माकुमारी संस्थान में जिस तरह की सकारात्मक ऊर्जा है इसें अपने आसपास फैलाने की आवश्यकता है उसी प्रकार नारी में जो अशक्ति है उसे भी फैलाने की आवश्यकता है। बीके श्यामा दीदी ने परमात्मा के परिचय से अवगत कराया और कहा कि 88 वर्ष पूर्व परमात्मा का धरती पर अवतरण हुआ था। सर्वशक्तिवान परमात्मा एक ऐसी दूनिया बनाने का कार्य कर रहे है जिसकी हम कल्पना कर रहे है जिसमें चैन की बंशी बजे। स्वागत उदबोधन बीके श्रीपाल ने देते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में बताते हुए राजयोग की महत्ता का उल्लेख किया और कहा कि राजयोग एक ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मकता लाकर अपनी आत्मा के दिव्य गुणों को जागृत कर सकता है और भय, तनाव और चिंता से मुक्त जीवन जी सकता है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत बीके हेमलाता, बीके विघुतलता दीदी ने बेच और बुके भेट कर दिया। इससे पूर्व बीके आकांशा ने गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने परमात्मा का ध्वज फहराकर शिवरात्री महोत्सव का शुभारंभ किया। समारोह का संचालन बीके हेमलता ने किया आभार श्रीमती बिंदु चंद्रे ने माना।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 38 | 2245 | 2400 |
| उडद | 1 | 4700 | 4700 |
| सोयाबीन | 2700 | 4000 | 4550 |
| गैहु | 7121 | 2351 | 3001 |
| चना | 1121 | 4800 | 5621 |
| मसुर | 410 | 5000 | 5731 |
| धनिया | 450 | 5501 | 8000 |
| लहसुन | 24300 | 3800 | 14000 |
| मैथी | 1025 | 5031 | 6221 |
| अलसी | 523 | 3801 | 5261 |
| सरसो | 1285 | 4550 | 4830 |
| तारामीरा | 5 | 4632 | 4680 |
| इसबगोल | 4 | 13500 | 15500 |
| प्याज | 500 | 755 | 1500 |
| कलोंजी | 20 | 15900 | 18091 |
| डॉलर | 0000 | 0000 | 0000 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 3 | 3000 | 4652 |
| असालीया | 335 | 5341 | 7271 |

# आबादी क्षेत्र से दुकान हटाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**नाहरगढ़, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ बिल्लोद रोड़ के समीप शराब की दुकान हटाने लेकर लोगों में जमकर रोष देखा गया है। बुधवार सुबह 11 बजे नगर के ग्रामीण जन एकत्रित होकर नाहरगढ थाने पंहूचे, यहां मुख्यमंत्री नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी को सोंपा, ओर ज्ञापन में मांग की गई कि समय रहते शराब की दुकान नियम के तहत आबादी क्षेत्र से हटाई जाना चाहिए..यदि नही हटाई गई तो आगे योजना बंद तरीके से जनता के अधिकार के तहत आंदोलन किया जाएगा, शराब की दुकान आबादी से बाहर कराए जाने की मांग की गई है।

लोगों ने बताया कि नियम तहत शराब की दुकान आबादी क्षेत्र से बाहर होना चाहिए। किंतु आबकारी विभाग के नियमों की खुलेआम धजिया उड़ाई जा रही है। और आबकारी विभाग अपनी गुगी फिल्म प्रदर्शित कर रहा है। लगता है। शायद नाहरगढ ठेकेदार पर मेहरबान है.? इसलिए यहां से कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है। नाहरगढ बिल्लोद रोड पर शाम 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक गांव की माताएं बहने वर्किंग के लिए आती है। किंतु कुछ नशेड़ी सड़क के किनारे खड़े होकर दारू की बोतल पीते दिखाई देते हैं। इनको रोकने ठोकने वाला कोई नाहरगढ थाने में मौजूद नहीं है। जिसे माताएं बहनों में डर और भय सताता रहता है। प्रशासन को सही समय पर उचित निर्णय लेकर शराब की दुकान हटाना चाहिए, ताकि आगे किसी प्रकार की अनहोनी ना हो.?

**तो क्या उपमुख्यमंत्री का है माथे पर हाथ, इसलिए नही हटेगी शराब की दुकान?**

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा की छवि एक दूरदर्शी और पारदर्शी छवि के नाम से पूरे मध्य प्रदेश में अपनी साख का प्रदर्शन कर रही है। किंतु कुछ उनके ही अनुयाई गलत लोगों के इशारे पर अपनी राजनीति पूछ हिला रहे हैं। ऐसे छोटे छरो कोई भान नही,है। इन हरकतों से माननीय छवि कितनी धूमिल होरही है। ऐसे लोगों को माननीय उपमुख्यमंत्री को पहचाने की जरूरत है। वही जनता में जनचर्चा चल रही है। कि माननीय उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा का इन शराबियों ठेकेदारों के माथे पर हाथ होने के कारण इतना दम भर रहे हैं। नहीं तो दुकान कब से आबादी क्षेत्र से बाहर चली जाती, क्योंकि शराब की दुकान आबादी क्षेत्र में संचालित होने जैसा कोई नियम नहीं है। किंतु फिर भी किसके दम पर यह दुकान आबादी क्षेत्र में संचालित हो रही है। अब यह देखना है कि उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा जनहित में क्या निर्णय लेकर आबकारी विभाग को क्या निर्देश देते हैं। जिससे उनकी भी छवि पारदर्शी बनी रहे, और जनता को भी और सामान्य किसी प्रकार की कोई दुविधा ना हो.?

## पीजी कॉलेज में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब का गठन हुआ

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार नवीन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब का गठन किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थी अर्पित परमार, प्रिया माली, युक्ता बोराना एवं जया धनगर को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत परिसर दूत नियुक्त किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को परिसर दूत के रूप में नवीन मतदाताओं को जागरूक करते हुए सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए । इस अवसर पर डॉ. के.आर. सूर्यवंशी जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य ने सम्बोधित स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया।



# सब्जी विक्रेताओं की मनमानी के आगे सीएमओ और अध्यक्ष बेबस, आमजन हो रहे परेशान

**सुवासरा, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में नवीन सब्जी मंडी प्रारंभ होने के बाद भी सब्जी और फल विक्रेता गणेश चोक पर ठेला गाड़ी लगाकर मार्ग को बाधित कर रहे है। नगर परिषद के जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण ठेला गाड़ी विक्रेताओं से आमजन परेशान हो रहा हे। लाखो रुपए खर्च कर परिषद ने नवीन सब्जी मंडी में 99 दुकानों से मार्केट बनाया। लेकिन कुछ सब्जी और फल विक्रेता परिषद पर भारी पड़ रहे हैं। अभी नवीन सब्जी मंडी में कई दुकानें खाली पड़ी हे। जहां सब्जी और फल विक्रेता सुविधाजनक रूप से अपना व्यवसाय कर सकते हे। लेकिन इन सब्जी और फल विक्रेता की मनमानी के कारण गणेश चौराहे पर अव्यवस्थाओं का अंबार लगा रहता हे। इतना ही नही यहां पर गंदगी भी पसरी रहती है। परिषद अध्यक्ष और सी एम ओ भी इन सब्जी और फल विक्रेता के आगे बेबस बने हुए है। लाखो रुपए खर्च करने के बाद भी गणेश चोक पर सब्जी और फल विक्रेता ने कब्जा जमाया हुआ है। परिषद अध्यक्ष सविता बालाराम परिहार ने कहा की जो भी सब्जी और फल विक्रेता गणेश चोक और पुरानी सब्जी मंडी में ठेला लगा रहा है उन्हे चेतावनी देकर सख्त कार्यवाही करेंगे।

परिषद समय समय पर इनके विरुद्ध चेतावनी के साथ कार्यवाही करती हे। शीघ्र ही पुरानी सब्जी मंडी से हटाया जाएगा।

**संजय सिंह राठौर**
**सी एम ओ नगर परिषद सुवासरा**

# मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के साथ जिले के 2 लाख 63 हजार 203 किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड में किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में 80 लाख से अधिक किसानों को किसान कल्याण योजना के एक हजार 816 करोड़ रूपए और 25 लाख से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना (खरीफ 2023) के 755 करोड़ रूपए



सिंगल क्लिक से अंतरित किए। जिसमें जिले के 2 लाख 63 हजार 203 किसानों के खातें में 86 करोड 8 लाख रू सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिला स्तरीय लाईव प्रसारण कार्यक्रम को जनपद पंचायत के सभागार में देखा एवं सुना गया। इस दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, श्री अनिल कुमार मरावी जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं किसान उपस्थित थे।

राज्य सभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि सरकार ने हमेशा किसानों के बारे में सोचा है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार द्वारा योजनाएं बनाई जा रही है। आज किसानों के खातें में फसल बीमा योजना (खरीफ 2023) की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से अंतरित की गई है। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के कल्याण के लिए अनेको कदम उठाए है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को जोडा जा रहा है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वीसी के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद किया-**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीसी के माध्यम से प्रदेश की स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को जनपद पंचायत मंदसौर के सभागार में कार्यक्रम को देखा एवं सुना गया। प्रधानमंत्री द्वारा समूह सदस्यों को लखपति दीदी एवं ड्रोन सखी बनाये जाने हेतु चर्चा की गई।

## एक भारत साड़ी वकथान आज महाराणा प्रताप बस स्टैंड से होगा-सीईओ

**एक भारत साड़ी वाकथान के संबंध में बैठक सम्पन्न**



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत 'एक भारत साड़ी वॉकथान' के संबंध में सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि 'एक भारत साड़ी वॉकथान' 7 मार्च को शाम 5:45 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड से होगा। समापन कुशाभाऊठाकरे आडिटोरियम मंदसौर में होगा। साड़ी वॉकथान' में भारतीय परंपरागत पहनावा अर्थात साड़ी पहनकर महिलाएं शामिल होगी। जिसमें महिलाएं साड़ी पहनकर महाराणा प्रताप बस स्टैंड से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम तक पैदल जाएगी। इस साड़ी वॉकथान का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय पारंपरिक पहनावे को बढ़ावा देना है अर्थात लोकल फॉर वोकल को महत्व देना है।

# शामगढ़ व सुवासरा में नवीन ट्रेनों के स्टापेज का समय तय

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे में संसदीय क्षेत्र प्रतिदिन नए



कीर्तिमान रच रहा है। दोहरीकरण हो या अमृत भारत योजना में स्टेशनों को विकस। इसी के साथ ही नवीन ट्रेनों के परिचालन में भी क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्ही के प्रयासों से रेलवे द्वारा दो नवीन ट्रेनों का स्टापेज की स्वीकृति शामगढ व सुवासरा स्टेशन पर की गई थी जिसके बाद आज रेलवे द्वारा स्वीकृत नवीन ट्रेनों की समय सारणी तय कर दी। शामगढ़ में 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस 15 मार्च को रात्रि 12 बजकर 18 मिनिट पर पहुंचेगी और 12 बजकर 20 मिनिट पर रवाना होगी। इसी के साथ ही ट्रेन संख्या 20814 ट्रेन शामगढ स्टेशन पर 10 मार्च को 12 बजकर 33 मिनिट पर पहुंचेगी और 12 बजकर 35 मिनिट पर रवाना होगी। इसी के साथ ही 20843/20844 बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुवासरा में स्वीकृत किया गया। ट्रेन संख्या 20844 ट्रेन सुवासरा स्टेशन पर 9 मार्च को 1 बजकर 41 मिनिट पर पहुंचेगी और 1 बजकर 43 मिनिट पर रवाना होगी। वहीं 20843 ट्रेन सुवासरा स्टेशन पर 12 मार्च को 2 बजकर 21 मिनिट पर पहुंचेगी और 2 बजकर 23 मिनिट पर रवाना होगी। सांसद गुप्ता ने कहा कि इन ट्रेनों के स्टापेज से जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टीविटी मिलेगी। वहीं जोधपुर तक जाने वाले यात्रियों को भी इस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 20843/20844 बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुवासरा में होने से छत्तीसगढ़ के साथ बिलासपुर, रायपुर व नागपुर, इटारसी, व नर्मदापुरम की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वहीं इस ट्रेन का लाभ जोधपुर एवं जयपुर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा



बताया गया कि 9 मार्च 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो, इसके लिये जिले में नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार रथ को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान न्यायाधीश श्री किशोर कुमार गहलोत, न्यायाधीश श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, कार्यकारी अभियंता श्री प्रेम पालीवाल एवं अधिकारी उपस्थित थे। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री अजय कुमार सिंह साहब के मार्गदर्शन 09 मार्च 2024 को नेशनल लोक अदालत जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जाएगी।

# कुशलता पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करें-कलेक्टर



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं और मतदान के सुचारू रूप से संचालन एवं कुशल व्यवस्थाओं के लिये जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को दिये गये दायित्व एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एटी एवं एईओएस का प्रशिक्षण कुशाभाउ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में जिले के मास्टर ट्रेनर्स डॉ. जे.के. जैन एवं अन्य सहायक मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एटी एवं एईओएस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप यादव ने कहा कि सभी अपने कार्य कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। कार्य में लापरवाही न बरते। लेखा दल चुनाव संबंधी रैलियों एवं सभाओं के खर्च एवं व्यय संबंधी आयोग द्वारा रेट लिस्ट अनुसार ही रेट निर्धारित करें। प्रत्येक अभ्यर्थी के पृथक-पृथक साक्ष्यों का फोल्डर तथा छाया प्रेक्षण रजिस्टर, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा किये गये व्यय का ब्यौरा व्हीव्हीटी एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी जैसे वाहन अनुमती प्रिंटिंग, विज्ञापन एमसीएमसी से प्राप्त जानकारी के आधार पर व्यय का आंकलन कर छाया प्रेक्षण रजिस्टर में संधारित करें।

**खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन का अभिनव प्रयास...**

# महिला कबड्डी लीग का आयोजन, कॉलेज ग्राउंड में शुभारंभ समारोह के बाद खेले गए नॉक आउट मुकाबले





**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मातृ वंदन कार्यक्रम के तहत हुआ। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने सहभागिता की। शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सुषमा आर्य, श्रीमती निर्मला गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल, श्री कोमल सिंह तोमर आदि ने शुभारंभ समारोह को आतिथ्य प्रदान किया।

यह जानकारी देते हुए शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार ने बताया कि दो दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, विदिशा, बड़नगर, नागदा, रतलाम और मंदसौर की टीम में भाग ले रही हैं। पहले दिन शुभारंभ समारोह के साथ में नॉकआउट मुकाबले और क्वार्टर फाइनल खेले गए। स्पर्धा के दूसरे दिवस सेमीफाइनल मुकाबले और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। विजेता टीम को 21000, उपविजेता को 11000 और प्रोत्साहन हेतु 5100 प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा बेस्ट डिफेंडर बेस्ट प्लेयर और बेस्ट रेडर अवार्ड भी दिए जाएंगे।

शुभारंभ समारोह का संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिले तो वह अपने क्षेत्र, राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं। वर्तमान में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार ने आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एलएन शर्मा, खेल अधिकारी राजू कुमार, दिनेश यादव, मुकेश बड़नगर, रज्ज़ाक खान, आदित्य डोरिया सहित अन्य ने किया। इस अवसर पर कबड्डी खिलाड़ी, कोच, विद्यार्थी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# किसानों का कल्याण हमारी प्राथमिकता में-गुप्ता

**फोसरी माता में हुआ किसान संगोष्ठी का आयोजन**



**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने जिले के ग्राम संजीत में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी व कार्यशाला कार्यक्रम में भागीदारी की और किसानों को संबोधित करते हुए खेती को लाभ का धंधा बनाने और उन्नत खेती करने संबंधी चर्चा की। बुधवार को ग्राम संजीत के फोसरी माता मंदिर परिसर स्थित डांगी धर्मशाला में सांसद सुधीर गुप्ता की पहल पर एक दिवसीय किसान संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और कृषि अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही किसानों का आधुनिक तरीके से खेती के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए नई तकनीको की जानकारी दी गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। किसान समान निधि के माध्यम से देश में लगभग 11 करोड़ किसान को सालाना 6 हजार रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से किसान भाइयों को सब्सिडी के माध्यम सिंचाई उपकरण प्रदान किए जा रहे है। सांसद गुप्ता ने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी मिले इसके लिए चंबल के पानी को किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा रहा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा, किसन क्रेडिट कार्ड मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार में 7 हेक्टेयर में सिंचाई होती थी आज भारत सरकार में 46 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार ने किसानों की कितनी चिंता है। इससे पूर्व सांसद गुप्ता ने फोसरीमाताजी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा बुढा मंडल अध्यक्ष राजू राणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कन्हैयालाल पाटीदार, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष फकीरचंद धनगर सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे।

**सांसद गुप्ता का जगह-जगह हुआ स्वागत-** मंदसौर संसदीय क्षेत्र से तिसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाएं जाने पर सांसद सुधीर गुप्ता का जगह-जगह स्वागत हुआ। सांसद गुप्ता का ढाबला चौपाटी पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। इसी के साथ ही ग्राम रणायरा, आक्या, संजीत में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। सांसद गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। सांसद गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

**✻ उठावना ✻**

मेरे पूज्य पिताजी श्री ललित



कुमार पिता स्वर्गीय दयाराम जी मिश्रा (दलोदा वाले) का आज दिनांक 06-03-24 को स्वर्गवास हो गया है ,जिनका उठावना दिनांक 08/03/24 को सुबह 10.30 बजे पर निज निवास 87 स्नेह नगर मंदसौर पर होगा।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**दुर्गाप्रसाद मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, रमेश मिश्रा, चंद्रप्रकाश मिश्रा, दीपक ललित मिश्रा, रोहित ललित मिश्रा (गोलू) एवम समस्त मिश्रा परिवार दलौदा**

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की श्रृंखला संपन्न




**मंदसौर, 6 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नारी शक्ति वंदन दिनांक 4,5,6 मार्च भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा पूरे भारत में आयोजित किया जा रहा है उसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं कार्यक्रम की प्रभारी राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार एवं कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती लता वानखेड़े एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार आज 6 मार्च 2024 को नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के समापन के अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा नगर पालिका सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की बहने लाभार्थी बहने सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुषमा आर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी राजेश पालीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रमा गुर्जर ने मोदी जी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बहनों को जानकारी दी, साथ ही बहनों से अपने मोबाइल में 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाया। सभी ने मोदी जी का बहनों के लिए दिए संदेश अभिवादन को बड़ी स्क्रीन पर देखा एवं सुना। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रानू भावसार, कार्यालय मंत्री निर्मला गर्ग, पार्षद भारती पाटीदार, जिला मंत्री उमा सैनी, मीडिया प्रभारी विद्या कडोतीया सहित कई बहनो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संध्या शर्मा ने किया एवं आभार महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रानू भावसार ने माना।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (नगर), जिला मंदसौर (म.प्र.)**

प्रकरण कमांक 0087/अ-20(3)/2023-24

ईश्यू नंबर 2566/री-1/2024
मंदसौर, दिनांक 06/03/2024

Commanding Officer Ncc Batallion Mandsaur
................आवेदक
विरुद्ध
मध्यप्रदेश शासन................अनावेदक

**:: सार्वजनिक सूचना/ विज्ञप्ति ::**

सर्वसाधारण एवं जनता मंदसौर तहसील मंदसौर को यह सूचित किया जाता है कि Commanding Officer Ncc Batallion Mandsaur द्वारा ग्राम मोहम्मदपुरा की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 15, 16, 17/1 ,17/2 मद शासकीय आबादी रकबा क्रमश: 0.157 हेक्टेयर, 0.84 हेक्टेयर, 0.021 हेक्टेयर, 0.439 हेक्टेयर कुल रकबा 0.701 हेक्टेयर में से रकबा 0.701 हेक्टेयर NCC Unit and training of NCC Cadets हेतु आबंटित किये जाने की मांग गई है।

आवेदक के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आरक्षण समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आबंटन चाहता है तोवह भी अपना दावा अपनी अर्हताओं के विवरण के साथ कंडिका 09 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए इस कार्यालय को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा।

अत: आवेदक को NCC Unit and training of NCC Cadets हेतु उक्त भूमि आबंटित किये जाने के विषय में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 19/03/2024 तक स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। सर्वसंबंधित सूचित हो। आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

**तहसीलदार**
**तहसील-मंदसौर (म.प्र.)**




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वीसी के माध्यम से)

## स्वदेश दर्शन योजना 2.0 अंतर्गत

## "चित्रकूट घाट पर अध्यात्म का अनुभव"

परियोजना का शिलान्यास

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

प्रात: 10:00 बजे - सुरेन्द्र पाल मैदान, चित्रकूट, मध्यप्रदेश

तथा

मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

द्वारा

स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद एवं ऋण वितरण

विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

7 मार्च, 2024 - अपराह्न 1:30 बजे - सिंगरौली, मध्यप्रदेश

"प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत इक्कीसवीं सदी के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जब सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए हैं। हमने 'राजकाज' को ऐसा 'रामकाज' माना है, जिसमें प्रदेश की जनता का हित ही सर्वोपरि है।"

- डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश शासन

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11232/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in